हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 जुलाई 2024

06 जिला न्यायाधीश की अगुवाई में रोपे गए 200...



07 तेंदूपत्ते की राशि नहीं मिलने से परेशान...





### भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का श्रृद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# रथ पर आरूढ़ भगवान जगन्नाथ, भाई बलदाऊ व बहन सुभद्रा ने दिए दर्शन

अषाढ़ माह की द्वितीया को स्वस्थ्य होकर भगवान जगन्नाथ रथ पर आरूढ़ होकर अपनी प्रजा की कुशलता को जानने के लिए निकले। भगवान की रथयात्रा के दर्शन और पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रृद्धालु उमड़े। 7 दिवसीय रथयात्रा शहर के प्रमुख स्थानों से प्रतिदिन जारी है।



भगवान के दर्शन के लिए उमड़े श्रृद्धालु


हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ का शतल पंचगव्य से महास्नान के बाद स्वास्थ्य बिगड़ गया। तभी से आयुर्वेदिक चिकित्सकों की सलाह पर भगवान का उपचार एवं आराम करने की सलाह दी गई। भगवान मंदिर में स्वास्थ्य लाभ एवं उपचार प्राप्त कर रहे थे। अषाढ़ माह की एकम के दिन भगवान पूर्णतः स्वस्थ्य हुए इसके बाद द्वितीया को भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ रथ पर आरूढ़ होकर अपनी प्रजा की कुशलक्षेम के लिए निकले। नर्मदापुरम के जगदीश मंदिर के महंत नारायण दास ने बताया कि नर्मदापुरम में शताधिक वर्षों की परंपरा अनुसार अषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीया को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ की गई। उन्होंने बताया कि शनिवार को भगवान पूर्णतः स्वस्थ्य हुए उसके पश्चात उन्हें विश्राम कक्ष से निकालकर आसन पर विराजमान किया गया। यहां भगवान की पूजा, अर्चना, एवं दर्शन श्रृद्धालुओं द्वारा आस्था पूर्वक किये गये।

### धूमधाम से निकाली रथ यात्रा

अषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीया रविवार को स्थानीय जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। रथ यात्रा के पूर्व महंत नारायण दास सहित जनप्रतिनिधियों ने भगवान की पूर्जा एवं आरती कर पुण्य लाभ लिया इसके पश्चात रथयात्रा सेंट्रल बैंक के सामने से होते हुए सराफा चौक, मोरछली चौक, एकता चौक, जिला अस्पताल मार्ग से सतरास्ता होते हुए विभिन्न मार्गों से निकाली गई। इस अवसर पर श्रृद्धालुओं ने अपने-अपने द्वार पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलदाऊ एवं बहन सुभद्रा की पूजन एवं आरती कर प्रसादी वितरण किया। वहीं विभिन्न चौक चौराहों पर श्रृद्धालु के अलावा व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, सर्वधर्म एकता समिति, आटो चालकों आदि ने पुष्प वर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया।

### डोंगरवाड़ा में भी निकली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा



*यात्रा से पहले ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा और मुख्य अर्चक बाबा प्रसाद दास ने भगवान का विधिवत पूजन किया। उसके बाद ठाकुर राजा ने रथ में झाड़ू लगाकर भगवान का आवाहन किया। फिर भक्तों ने पूरी श्रद्धा के भगवान को भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ में विराजमान कराया। उसके बाद भगवान गांव भ्रमण पर निकले। गांववासियों ने घर के सामने भगवान का पूजन अर्चन किया और प्रसाद ग्रहण किया। गांववासियों की कुशलक्षेम जानने के बाद भगवान फिर मंदिर में विराजमान हो गए। रथ यात्रा के बाद मंदिर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञात रहे कि डोंगरवाड़ा में डा शर्मा द्वारा भगवान जगदीश मंदिर का निर्माण ओडिशा के प्रसिद्ध संत बलिआ बाबा के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। मंदिर का निर्माण पूर्णता की ओर है। रथ यात्रा में मुख्य रूप से जगन्नाथ जन कल्याण समिति के जितेंद्र जामलिया, प्रमोद शर्मा, अमित माहेश्वरी, ग्वालियर के योग गुरु अनिल सुराडे, सरपंच माखन कीर, रमेश उइके, अधिवक्ता शिव मंगल चौहान, राजाराम मीना, राजेश मेहरा, कैलाश साहू, अशोक कीर, तानसेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गांववासी शामिल हुए।*

### रामसखियों का नृत्य एवं अखाड़ा रहे मुख्य आकर्षण

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल रामसखियों ने बैंड बाजों पर धार्मिक गीतों की धुन पर आकर्षक नृत्य किया जिसे नागरिकों द्वारा सराहा गया। वहीं शहर के बजरंग व्यायाम शाला के अलावा अन्य युवाओं ने बेहतरीन अखाड़े का व्यायाम प्रदर्शन किया। हैरतगंज व्यायाम को देखकर नागरिकों ने कलाकारों की जमकर सराहना की। वहीं आतिशबाजी के साथ का प्रदर्शन भी किया गया। वहीं रथयात्रा में बैण्ड बाजों की धुन पर थिरकते घोड़े भी आकर्षक का केन्द्र रहे। जनप्रतिनिधियों द्वारा भी परंपरा अनुसार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का स्वागत किया गया।

### 7 दिनों तक रहेगी यात्रा

जगदीश मंदिर के मंहत नारायणदास ने बताया कि अषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीया से प्रारंभ हुई रथयात्रा 7 दिनों तक जारी रहेगी। यह यात्रा प्रथम दिवस जनकपुरी में विश्राम के पश्चात् कालीमंदिर, संजयनगर, कोठी बाजार, तारअहाता, जुमेराती, सेठानीघाट के प्राचीन नर्मदा मंदिर, हनुमान मंदिर के पास पहुंचकर अंतिम दिवस जगदीश मंदिर पहुंचेगी जहा भगवान अपने आसन पर आरूढ़ होकर वर्ष भर अपने भक्तों को दर्शन देंगे और पूजा अर्चना जारी रहेगी।

# चलती ट्रेन से उतरते समय युवती गिरकर घायल, अस्पताल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर जनशताब्दी एक्सप्रेस के रुकने से पहले ही एक युवती ने उतरने की कोशिश की। वह प्लेटफार्म पर गिरकर घायल हो गई। उसके सिर में चोट लगी है। डॉग स्क्वाड स्टाफ ने उसे अस्पताल भिजवाया।

इटारसी के सनखेड़ा नाका निवासी साक्षी पटवा को इटारसी से बनखेड़ी जाना था। लेकिन, वे भोपाल जा रही जनशताब्दी ट्रेन में बैठ गईं। ट्रेन इटारसी से भोपाल के लिए रवाना हो गई। नर्मदापुरम आने के पहले उसे पता चला कि गलत ट्रेन में वो बैठ गई। युवती घबरा गई। उसने उतरने की इतनी जल्दबाजी की कि प्लेटफार्म पर ट्रेन रुकती, उससे पहले उतर गई।

संतुलन बिगड़ने पर वे प्लेटफार्म पर गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ डॉग स्क्वाड के डॉग हैंडलर अजीत सिंह राजपूत एवं ओमप्रकाश रघुवंशी मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद एएसआई प्रतिमा सिंह मौके पर पहुंची। फिर डॉग स्क्वाड के जवान ही घायल युवती को उठाकर प्लेटफार्म के बाहर लेकर आए और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। आरपीएफ डॉग स्क्वाड की सूचना पर युवती का भाई और उसकी बहन भी अस्पताल पहुंचे।

नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर चार महिला कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल हैं। रविवार को ट्रेन से गिरी युवती को ले जाने के दौरान वे नजर नहीं आईं। महिला एएसआई ही मौजूद थी। इससे आरपीएफ के पुरुष कॉन्स्टेबल को उठाना पड़ा।

### चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नर्मदापुरम।** ग्वालटोली क्षेत्र में पिता-पुत्र पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों ने शनिवार रात को खुद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई पूरी की। हमले में घायल पिता-पुत्र अब ठीक हैं। 4-5 जुलाई की दरमियानी रात 2 बजे आरोपी सूरज-बाथरे और उसके साथी आनंद उर्फ नंदू ने उधारी के रुपए मांगने की बात पर पिता-पुत्र पर चाकू से हमला किया था। फरियादी हर्षित राठौर निवासी ग्वालटोली है। उसकी घर में पान-मसाले की दुकान है। आरोपी सूरज बाथरे और आनंद उर्फ नंदू कभी-कभी उसकी दुकान पर रात को सामान खरीदने जाते थे। दुकान पर उनकी उधारी होती थी। फरियादी ने पहले की उधारी के रुपए मांगे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिली हाईकोर्ट से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र हाईकोर्ट ने नर्मदापुरम के सोहागपुर में नौकरी से बर्खास्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पक्ष में एक अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूर्ण रूप से शासकीय सेवक नहीं है, इसलिए उस पर शासकीय सेवा के आचरण नियम लागू नहीं होते। जहां तक शासन के परिपत्र का सवाल है, तो उसमें भी कहीं यह उल्लेख नहीं है कि चुनावी प्रचार में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग नहीं ले सकती। इस मत के साथ जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 7 दिन के भीतर सेवा में बहाल करने के निर्देश दिए। नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर निवासी सुमित्रा अहिरवार की ओर से अधिवक्ता उमाशंकर तिवारी ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ता सुमित्रा अहिरवार पर यह आरोप था कि उन्होंने दो साल पहले अपनी बहन के स्थानीय नगरपरिषद चुनाव सोहागपुर में प्रचार किया। याचिकाकर्ता के मोबाइल के स्क्रीन शॉट भी शिकायत के साथ भेजे गए। महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रोजेक्ट ऑफिसर ने 11 जुलाई 2022 को याचिकाकर्ता की सुमित्रा अहिरवार की समाप्त कर दीं। इसकी अपील कलेक्टर व संभागायुक्त के समक्ष की गई, लेकिन उन्होंने भी अपील निरस्त करते हुए सेवा समाप्ति के आदेश को यथावत रखा। न्यायालय द्वारा याचिकाकर्ता के पक्ष में ऊैसला सुनाया।

# चार तक माह लिया पटवारियों ने प्रशिक्षण समारोह पूर्वक आयोजन का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नई भर्ती हुए पटवारी का प्रशिक्षण आज संपन्न हुआ. पिछले चार माह से नई भर्ती हुए पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे.नर्मदापुरम जिले के 62, हरदा जिले के 30 पटवारीयों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इटारसी के एक रिसॉर्ट में प्रशिक्षण समारोह का समापन हुआ इस मौके पर अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुजान सिंह रावत एवं आईएएस इटारसी एसडीएम टी प्रतीक राव मोजूदा थे। इस मौके पर मुख्य कार्य पालन अधिकारी सुजान सिंह रावत ने कहा कि अब आप लोगों को फील्ड पर काम करना है इसमें कई चुनौतियां का सामना करना पड़ेगा इसलिए धैर्य और ईमानदारी से अपने काम को करें. एसडीएम टी प्रतिक राव ने कहा कि कठिन परिश्रम तो सभी को करना पड़ता है इसलिए आप परिश्रम करने से कभी पीछे ना रहे सभी मसलों को विवेक के साथ ही अपने वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से निपटाएं। नए पटवारियों ने इस चार सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें पटवारी को खसरा खतौनी बट्ंकन और सीमांकन के साथ ही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सारे तरीके सिखाए गए. पटवारियों ने जिले के मास्टर ट्रेनर आर आई दिनेश प्रधान एवं पटवाटी भूपेन्द्र माझी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन, नर्मदापुरम तहसीलदार देवशंकर ध्रुवे इटारसी तहसीलदार सुनीता सहानी, ए एस एल आर उमेश भार्गव भी मौजूद थे. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना स्वागत गीत से हुआ. इसके बाद नए पटवारी इन्दू सिंह एव साक्षी साहू के द्वारा सम्पूर्ण ट्रेनिग की जानकारी पीपीटी माध्यम से दी गयी।

# मां नर्मदा के जल को प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए युवा कर रहे श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जय हो समिति ने अपने स्वच्छ नर्मदा मिशन के तहत 231वें स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान का आयोजन परमहंस घाट पर किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को नर्मदा नदी की स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक करना था।

समिति के अध्यक्ष अर्पित मालवीय ने कहा हमारे स्वयंसेवक हर रविवार को मिलकर घाट की सफाई करते हैं। हम कूड़ा-करकट हटाकर नदी के किनारे को स्वच्छ बनाने का प्रयास करते हैं।

साथ ही, हम लोगों को नर्मदा को प्रदूषित न करने के महत्व के बारे में जागरूक करते हैं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति सदस्य जतिन यादव, विकास गुप्ता, संजु प्रजापति, सागर पटैल, कौशिक बावरिया, अनुराग वर्मा, राजेंद्र यादव, राजेश प्रजापति, दीपक वर्मा उपस्थित रहे।

# जिले में अभी तक 161.4 मिलीमीटर वर्षा हुई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 1 जून 2024 से आज दिनांक 7 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 161.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 184.0 मिलीमीटर वर्षा हुई थी।

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 7 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 1.2 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में निरंक, इटारसी मे निरंक, माखननगर में निरंक, सोहागपुर में निरंक, पिपरिया में निरंक, बनखेड़ी निरंक, पचमढ़ी में 1.0 एवं डोलरिया तहसील में 1.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि मानसून की वर्षा सतत जारी है। इसके चलते नर्मदा नदी एवं विभिन्न जलाशयों में भी जलस्तर में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 934 फीट है, तवा जलाशय का 1120.60 फीट है, बरगी जलाशय का 410.90 मीटर एवं बारना जलाशय 343.07 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है।

# भारत पेंशनर्स समाज ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत पेंशनर्स समाज ने शनिवार को पेंशनर्स की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा को दिया। शाखा के अध्यक्ष प्रभात पांडे ने बताया कि पेंसनर्स की प्रमुख मांगों में केंद्र के समान महंगाई राहत, राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) का विलोपन करने। भाजपा के संकल्प पत्र में 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा देने, साथ ही 30 व 31 जून और 31 दिसंबर को सेवा निवृत हो रहे कर्मचारी को एक वेतन वृद्धि देने के संबंध में शासन स्तर से आदेश कराने की मांग की। महंगाई राहत की एरियर्स रूकी हुई राशि 32 माह व 27 माह की राशि प्रदाय कराने बाबत प्रतिनिधी मंडल की विस्तार से चर्चा की गई। विधायक डॉ. शर्मा ने समस्या के निराकरण करने के संबंध में आश्वासन दिया। इस दौरान डॉ. एलएल शर्मा, उमाशंकर श्रोती, नित्यगोपाल कटारे, विजय वर्मा, विनोद परसाई, राजेंद्र ठाकुर, ओपी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण कार्यक्रम में बोले संभागायुक्त

# पर्यावरण सरंक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने हेतु सभी व्यक्तियों को अपने जीवन काल में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए एवं उसकी देखभाल करनी चाहिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नर्मदापुरम जिले में स्थान स्थान पर अपार उत्साह से आम जनता एवं अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है। पौधरोपण करने के पश्चात सभी लोग पौधों को संरक्षण देने एवं देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। आज रविवार को नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी के नेतृत्व में सभी संभागीय अधिकारियों ने आयुक्त कार्यालय परिसर में अपार उत्साह से सामूहिक रूप से पौधारोपण किया। स्वयं संभागायुक्त तिवारी ने अशोक एवं आम के पौधे का रोपण किया और पर्यावरण के संरक्षण हेतु वृक्षों की हमारे जीवन में क्या उपयोगिता है उसकी जानकारी दी और कहा की सभी अपने इष्ट मित्रों अपने परिजनों एवं अपने पड़ोसियों को समझाइश दे कि वह अपने घरों में, कॉलोनी में, बगीचों में एवं खाली जगह पर अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करें। इस अवसर पर संयुक्त उपायुक्त गणेश जायसवाल ने अमरूद, संयुक्त उपायुक्त विकास जी सी दोहर ने आम के, संयुक्त संचालक जनसंपर्क रश्मि देशमुख ने अमरूद के, जिला आपूर्ति अधिकारी ज्योति जैन सिंघई ने आम के पौधे का रोपण किया।

इस अवसर पर सहायक संचालक कृषि एस आर इवने, संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा भावना दुबे, प्रोफेसर मनीष चौधरी, डॉ आशीष चौरे, डॉक्टर रागिनी, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक एच के शर्मा, जनजातिय कार्य विभाग के उपायुक्त जेपी यादव, आयुष विभाग के प्रभारी जिला अधिकारी डॉक्टर एस आर कनौजिया, नगरीय प्रशासन के सुनील यादव, सहकारिता विभाग के संयुक्त संचालक राकेश पांडे, उद्यानकी विभाग की प्रभारी संयुक्त संचालक रीता उइके, पशु चिकित्सा आदि मौजूद रहे।

# डॉ. मुखर्जी जयंती पर सजाई दीपमालिकाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता युवा मोर्चा नर्मदापुरम द्वारा जन संघ के संस्थापक भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर शनिवार शाम को श्यामा प्रसाद प्रतिमा स्थल सातरास्ते पर दीप मलिका प्रज्वलित कर दीपांजलि अर्पित की गई । उक्त कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा, अखिलेश खंडेलवाल, राजेश तिवारी, मनीष परदेशी, सुंदरम अग्रवाल, अंकित सैनी, अजय रत्नानी, नंदू यादव, रूपेश राजपूत, गौरव नायक, रहमान खान, दुर्गेश मिश्रा, जसवीर सिंह, ऋषभ शुक्ला, शुभम मालवीय, पंकज खत्री, सागर संतोरे, निहाल राजपूत, जसमीत सिंह आदि भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

कलेक्टर से ग्रामीणों की गुहार

# गांव में नही है गोदाम, राशन लेने जाना पड़ता है 3 से 4 किलोमीटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीमपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत आदर्श धनोरा में कई वर्षो से निजी मकानों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों के लिए अनाज का भंडारण कर राशन वितरण का कार्य संचालित किया जा रहा था। निजी मकान मालिकों ने एक-एक करके अपने निजी घरों में अनाज रखने के लिए मना कर दिया है। जिससे एक साल में लगभग 4 से 5 स्थानों में अनाज रखा गया। अब अनाज रखने के लिए कोई न मकान दे रहे न दुकान दे रहे। जब निजी मकान-दुकान मालिको से अनाज नही रखने देने की वजह पूछी गई तो सबने निजी कारण बताया। ग्राम में सरकारी गोदाम नही होने के कारण अब गरीबो को अनाज लाने के लिए 3 से 4 किलोमीटर की दूरी तय करके ग्राम हिड़ली जाना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ ग्रामीण बोले हमारे पास इतनी दूर से राशन लाने के लिए साधन नही है जिससे हमें राशन लाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासी कृष्णी, सुशीला, कमल, श्रीराम, लता, कलसिया आदि का कहना यह हैं कि अब हमारी समस्या का समाधान जिले के मुखिया कलेक्टर ही कर सकते है। क्योंकि देखने मे मिला है कि कलेक्टर छोटी से छोटी व बड़ी से बड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल यथासंभव निराकरण करते हैं।

**इनका कहना**

आदर्श धनोरा में निजी मकानों में गोदाम नही होने के कारण अनाज का भंडारण कर राशन वितरण किया जाता था।अब ग्रामीणों के निजी कारणों के कारण म कान खाली नही है,और जहाँ अभी अनाज रखा जा रहा था वो मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया हैं जिसके चलते हिड़ली में अनाज रखा जा रहा है।हमारे द्वारा गोदाम निर्माण के लिए विभाग को लिखा गया हैं।

**नरेंद्र आर्य,**
प्रभारी प्रबंधक सहकारिता भीमपुर

# जिला न्यायाधीश की अगुवाई में रोपे गए 200 से पौधे

## जजेस कॉलोनी परिसर में औषधीय एवं फलदार पौधों का किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल द्वारा रविवार को कालापाठा स्थित जजेस कॉलोनी परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार पंच-ज अभियान के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्राणेश कुमार प्राण के मुख्य अतिथि में 200 से अधिक औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण ने सभी नागरिकों से अपील की कि पेड़ों को केवल उनकी आर्थिक या भौतिक आवश्यकता से न देखें बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी उनका महत्व समझें। उन्होंने कहा, प्रत्येक वृक्ष में न केवल फल और प्राणवायु देने की क्षमता है, बल्कि यह अन्य जीव-जन्तुओं और पक्षियों का आवास भी है, जो वृक्ष के खत्म होने पर नष्ट हो जाता है। अतः प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति संवेदनशीलता अनुभव करनी चाहिए और उसी के अनुसार आचरण करना चाहिए। पौधरोपण कार्यक्रम में दिव्यांगना जोशी पांडे विशेष न्यायाधीश बैतूल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ.कु. महजबीन खान, जिला एवं सत्र न्यायाधीश गण निहारिका सिंह, श्री हेमंत यादव, श्री आशीष टांकले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संगीता भारती राठौर तथा जिले के अन्य समस्त न्यायाधीश गण उपस्थित रहे।

खुल गई निर्माण की पोल

# पंचायत लालावाड़ी में 8 लाख से बना कुआं ढहा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

जनपद पंचायत आमला कि ग्राम पंचायत में हो रहे निर्माण कार्य चंद महीनों में ही दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। ग्राम पंचायत लालावाड़ी में करीब 8 लाख की लागत से देवाजी मोड़क के खेत के पास नाले में बना कुआं पूरी तरह से धंस गया हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष है। मनरेगा योजना से वर्ष 2023 से चल रहा निर्माण कार्य को 2 वर्षों में भी ग्राम पंचायत पूरा नहीं कर पाई, निर्माण पूर्ण हुए बिना ही पूरी तरह से धंस गया है। कुआं निर्माण में उपयोग में लाई जाने वाली निर्माण सामग्री पर सवाल उठ रहे हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव को भी लोगा निशाने पर ले रहे हैं। ग्राम पंचायत में पेयजल की व्यवस्था भी लड़खड़ा रही है। जिससे ग्रामीणों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश होने के बावजूद भी लोगो को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण ने बताया कि इस ओर कोई ध्यान नही है।

### इंजीनियर की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

*ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण में निर्माण एजेंसी तो ग्रामीण को बनाया जाता है लेकिन पूरा कार्य उपयंत्री के मार्गदर्शन में किया जाता है। चल रहे निर्माण कार्य की उपयंत्री के द्वारा मॉनिटरिंग नहीं कि जाती है। सरपंच सचिव के भरोसे कार्य को छोड़ दिया जाता है। जिसके कारण जिम्मेदार मनमानी कर अपने हिसाब से कार्य करते हैं। जिसका नतीजा यह है कि निर्माण कार्य मे जमकर धांधली बरती जाती है। निर्मल नीर के निर्माण स्थल पर जो मटेरियल रखा है। उससे देखकर तो साफ नजर आता है कि निर्माण कार्य दौरान जिम्मेदार आंख बंद किए रहे।*

**इनका कहना है**

इंजीनियर को भेजकर चेक करवाता हु क्या स्थिति है। पानी की समस्या को जनपद सीईओ साहब से बोलकर वे पीएचई को व्यवस्था बनाने के लिए कहेंगें।

**विवेक तुमराम**
एई जनपद पंचायत आमला

## खबर संक्षेप

### माँ ताप्ती ध्वज यात्रा 13 को निकाली जाएगी

**बैतूल।** बैतूल विरासत समिति के तत्वावधान में माँ ताप्ती भव्य ध्वज यात्रा 13 जुलाई को निकाली जाएगी। विरासत समिति के जिला संयोजक राजू पंवार ने बताया कि यात्रा का यह दूसरा वर्ष है। ध्वज यात्रा कामथ से लेकर माँ ताप्ती मंदिर मुलताई तक निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर विरासत समिति मुलताई, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह रघवंशी. अध्यक्ष हेमसिंह चौहान, मासोद ब्लाक अध्यक्ष सुदर्शन देशमुख, राकेश चौरे, शेषराव सूर्यवंशी, अशोक धोटे, राजेश पंवार, मनोज कामड़ी आदि ने सभी से इस यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### लायंस क्लब भौरा की नई कार्यकारिणी बनी

**शाहपुर।** शनिवार को लायंस क्लब भौरा की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। अध्यक्ष राजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष डीपी मिश्रा, दीपक पवार, सचिव प्रेम उदयपुरे, कोषाध्यक्ष डीडी पाटनकर, ट्यूस्टर मीरा धुर्वे को चुना गया। संचालक मंडल की शपथ ग्रहण करवाई गई, संस्थापना अधिकारी उज्जैन से प्रथम वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर एमजेएफ प्रवीण वशिष्ठ, जोन चेयर पर्सन सुनीता अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप मे मौजूद थे। कार्यक्रम से पूर्व शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में अतिथियों ने पौधारोपण किया। लायंस क्लब की कार्यकारणी एक वर्ष के लिए गठित होती है। जिसका कार्यकाल 1 जुलाई से 30 जून तक रहता है। संस्थापना अधिकारी प्रवीण वशिष्ठ ने सभी पदाधिकारियों को कर्तव्य बोध कराया एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। जोन चेयर पर्सन सुनीता अग्रवाल ने इस वर्ष के सेवा लक्ष्य से पदाधिकारियों को अवगत कराया।

### रेलवे गेट रात 11 बजे तक 10 घंटे रहेगा बंद

**मुलताई।** खेड़ली बाजार मार्ग पर स्थित रेलवे गेट क्रमांक 265 एसपीएल पर अनुरक्षण कार्य हेतु यातायात पूर्ण रूप से आज 7 जुलाई को दोपहर 1 बजे से रात्रि 11 बजे तक बंद कर दिया गया। इस हेतु सीनियर सेक्शन इंजीनियर ट्रैक मुलताई द्वारा शनिवार मुलताई एसडीएम को पत्र लिखा गया था। जिसमे जानकारी साझा की गई है कि यातायात परिवहन को अन्य दो वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट किया जाए। पहला चंदौरा खुर्द से ग्राम देवरी होते हुए ग्राम पारड़सिंगा के हाईवे पर जाकर मुलताई आया जा सकता है, वही दूसरा ग्राम चंदौरा खुर्द से छिंदवाड़ा स्टेट हाईवे रेलवे ब्रिज को पार कर ग्राम कामथ से मुलताई आया जा सकता है। उक्त दोनों मार्ग का उपयोग किए जाने के लिए कहा गया था। इसके साथ ही रेलवे गेट पर लाउडस्पीकर लगवाकर अनाउंसमेंट भी करवाया गया था। चंदौरा खुर्द से परिवर्तन मार्ग से आवागमन और व्यवस्था के लिए भी सूचना दी गई थी।

# अनियंत्रित कार वाहनों को टक्कर मारते हुए दुकान में घुसी, ड्राइवर की पिटाई

## रैन बसेरा चौक के पास ड्राइवर ने खो दिया नियंत्रण



**बैतूल।** जिला मुख्यालय रैन बसेरा के पास एक अनियंत्रित कार कई वाहनों को टक्कर मारते हुए दुकान में घुस गई। घटना से वहां मौजूद लोगों में अफरातफरी का माहौल निर्मित हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। कार चालक युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। लोगों ने कार चालक युवक की जमकर पिटाई कर दी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार शाम को बैतूल रैन बसेरा चौक के पास तेज गति से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर एक अन्य कार और बाइक को टक्कर मरते हुए दुकान में घुस गई। हादसे में कई वाहन छतिग्रस्त हुए है। एक कर में सवार दंपती बाल बाल बच गए। पुलिस के मुताबिक लापरवाही के कारण हादसा हुआ है।

### गोवंश तस्करी के आरोपी किए गिरफ्तार

*मुलताई। गोवंश तस्करी मामले में सांईखेड़ा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया। बताया जा रहा है कि थाना सांईखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत 2 जुलाई को पुलिस ने ग्राम जावरा से एक पिकअप वाहन सहित 12 गोवंश को कब्जे में लिया था। उक्त घटना में आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मामले में सांईखेड़ा पुलिस ने गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम सहित मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। फरार चल रहे आरोपियों की तलाश के लिए टीम का गठन कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।*

### करंट लगने से एक की मौत, दो घायल

**सीहोर।** जिले में शुक्रवार देर रात करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई है। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मामला इछावर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार पटवारी कालोनी में एक चार वर्षीय बालक को उस समय करंट लग गया, जब वह खेल रहा था। उसे बचाने गए पति-पत्नी को भी करंट लग गया। जिसमें महिला बसकन्या ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं चार साल के बालक हंस और जसमत गंभीर रूप से झुलस गए। जिसमें बालक को उपचार के लिए अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में परिजनों का कहना है कि एक व्यक्ति द्वारा पटवारी कालोनी में करंट फैला रखा है इसके चलते यह घटना घटी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# डॉ संदीप गोहे ने पत्नी के साथ शुरू किया सेव इंडियन फैमिली अभियान

## प्रताड़ित पुरुषों की आवाज बने डॉ गोहे दंपती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सही मायने में डॉक्टर वहीं है जो मरीज की बीमारी को पकड़ कर उसका जल्द से जल्द उपचार कर मरीज को तमाम तकलीफों से मुक्ति दे। शारीरिक और मानसिक विकृति मनुष्य और समाज को खोखला बनाती है, इसलिए इस डॉक्टर दम्पत्ति ने लोगों को स्वस्थ रखने के लिए डॉक्टरी का पेशा चुना और समाज को विकृति से बचाने के लिए समाज सेवा का।

हम बात कर रहे है डॉ संदीप गोहे की। डॉ गोहे एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ भारती गोहे चिकित्सा के साथ-साथ सेव इंडियन फैमेली संगठन के माध्यम से समाज सेवा में भी जुटे हुए है। यह दम्पत्ति खासतौर से समाज में महिलाओं से प्रताडित पुरुषों की आवाज बनकर उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।डॉ संदीप गोहे का जन्म सारणी में हुआ इनके पिता इंदल गोहे सारणी थर्मल पॉवर स्टेशन में पदस्थ रहे। डॉ संदीप की प्रारंभिक शिक्षा सारणी में तथा उच्च शिक्षा भोपाल से हुई और यहीं उन्होंने बीएचएमएस की डिग्रकी प्राप्त करने के बाद विभिन्न अस्पतालों में सेवाएं दी। चिकित्सकीय पेशे के साथ-साथ एमए साइकोलॉजी किया और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर भी काम करने लगे। पिछले कुछ वर्षों से डॉ गोहे बच्चे के हेल्थ और मानसिक विकास, महिलाओं पर होने वाले अत्याचार और प्रताडना, पर काम किया और उनकी काउंसलिंग भी की। महिलाएं ही नहीं पुरुष भी प्रताडना का शिकार हो रहे हैं।

### राजधानी एक्सप्रेस के सामने कूद गया युवक, दो दिन पहले छूटा था जेल से



**बैतूल।** करीबी कस्बे पाढर के एक युवक ने आज दिल्ली की ओर जा रही राजधानी एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक का पत्नी से विवाद चल रहा था। वह दो तीन दिन पहले ही जेल से छूटा था। घटना शाहपुर के पास बरबटपुर पुल पर हुई। आज राजधानी एक्सप्रेस के पायलट ने रेलवे कंट्रोल नागपुर को सूचना दी थी की बरबटपुर पुल के पास एक व्यक्ति रन ओवर हो गया है। जिसकी जानकारी जीआरपी पुलिस बैतूल को दी गई। बैतूल से पहुंचे जीआरपी आरक्षक दिलीप नरवरे ने मौके पर पहुंचकर मृतक के बारे में जानकारी जुटाई तो उसकी शिनाख्त पाढर के बस स्टैंड निवासी धर्मेंद्र हरिलाल प्रजापति (34) के रूप में हुई। वह बरबटपुर पुल पर खंभा नंबर 803_1 के पास चलती राजधानी एक्सप्रेस के सामने कूद गया। जीआरपी ने उसका शव मौके से बरामद कर पीएम के लिए शाहपुर अस्पताल पहुंचाया है। बताया जा रहा है की मृतक का पत्नी से पारिवारिक विवाद चल रहा था। जिसके चलते वह तीन साल से शाहपुर के पतौवापुरा में रह रही थी। मृतक इसे लेकर ही बार बार वहां जाता था। पिछले 21 जून को उसने शराब पीकर हंगामा भी किया था।

खेड़ी निस्तार डिपो में एक वर्ष से नहीं है लकड़ियां

# लकड़ियां नहीं मिलने से टायर से जला रहे चिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

खेड़ीसांवलीगढ़ में शव को अंतिम संस्कार के लिए कई बार इंतजार करना पड़ जाता है। समय पर अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियां उपलब्ध न होने की वजह से यह स्थिति निर्मित होती है। बैतूल जनपद पंचायत की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जिसकी आबादी करीब 9 हजार है, यहां किसी ग्रामीण के निधन होने पर चिता की लकड़ियां जुटाना बड़ी चुनौती बन जाता है। कई बार अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियां न मिलने से टायर से भी शव जलाने पड़ते है।

खेड़ीसांवलीगढ़ में वन विभाग का निस्तार डिपो भी है लेकिन करीब एक वर्ष से डिपो से अंतिम संस्कार के लिए लकडिया नहीं रही। जागरुक ग्रामीणों ने दक्षिण वन मंडल वन परिक्षेत्र से लेकर डीएफओ को भी अवगत कराया लेकिन लम्बे समय से यहां अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी व बांस आदि की व्यवस्था नहीं की गई।




### ग्रामीण लकड़ियां नहीं मिलने से हो रहे परेशान

खेड़ी डिपो में जलाऊ लकड़ी न होने के कारण ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है। सर्वाधिक परेशानी गांव में किसी के निधन होने पर चिता के लिए लकडिया जुटाने की होती है। डिपो में लकड़ी न मिलने पर बैतूल से लकड़ियां खरीदकर लाना पड़ता है या फिर मजबूरी में शव टायर से जलाये जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले डिपो में लकड़ी मिल जाती थी तो आसानी से मृतक का अंतिम संस्कार हो जाता था। अब लकड़ी के लिए बैतूल जाना होता है, चिता के लिए लकड़ी बैतूल से लाने में अधिक खर्च के साथ-साथ समय भी जाता है।

### पहले हर घरों में भी मिल जाती थी लकड़ियां

ग्राम पंचायत खेड़ी के लोग किसी परिजन का निधन खेड़ी के ताप्ती घाट पर करते है। ग्रामवासी बताते है कि पहले घरों में गैस चुल्हे कम थे, जलाऊ लकड़ी लगभग हर घर में उपलब्ध होती थी। पहले अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीण घरों से लकडिया एकत्रित करवा लेते थे, लेकिन जब से गैस चुल्हे का चलन बढ़ा तो लोगों के घरों में चुल्हे जलना बंद हो गए। ऐसे में शव के अंतिम संस्कार के लिए बैतूल से लकड़ी आने तक इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों ने इस संवेदनशील मामले में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं डीएफओ दक्षिण वन मंडल विजयानंतम टीआर से डिपो में जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराने की मांग की है।



### जिले में बीते 24 घंटे में 6.9 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 6.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 1.2 मिलीमीटर, श्यामपुर में 25, आष्टा में 2, जावर में 12.3, इछावर में 7.5, भैरूंदा में 1, बुधनी में 0, रेहटी में 6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से छह जुलाई को सुबह 8 बजे तक 172.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 187.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से छह जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 241.4 मिलीमीटर, श्यामपुर में 249.5, आष्टा में 121, जावर में 145.3, इछावर में 273.5, भैरूंदा में 110, बुधनी में 112 तथा रेहटी में 125.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

मध्य भारत प्रांत की कार्यकारिणी

# सुनील हिरानी को मिला सक्षम के जिला संयोजक का दायित्व






**बैतूल।** विगत दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रकल्प समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम का स्थापना दिवस का कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर कालापाठा बैतूल में दीपक कपूर की अध्यक्षता एवं सुनील हिरानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सक्षम मध्य भारत प्रांत के पदाधिकारी दिनेश शर्मा थे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों का वर्णन किया तथा बताया कि संस्था दिव्यांग जनों के सर्वांगीण विकास के लिए समाज के सहयोग से कार्य करती है, उनके लिए रोजगार के समान अवसर उपलब्ध कराना, उनकी क्षमता का विकास करना, समाज में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना, उनकी योग्यता को उचित सम्मान प्रदान कर समाज में उनकी समावेशिता के मार्ग प्रशस्त करना, आदि इस संगठन के मुख्य उद्देश्यों पर उन्होंने प्रकाश डाला। सुनील हिरानी ने बताया कि दिव्यांग जन विलक्षण प्रतिभा के धनी होते हैं, उसे केवल पहचानकर सही दिशा में उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

मुलताई में महिमा कथा बीते अठारह वर्षो से लगातार हो रही है

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई मां ताप्ती महिमा कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

जन जन तक मां ताप्ती की पुराणोक्त सच्ची धार्मिक और एतिहासिक जानकारी पहुंचाने हेतू मां ताप्ती महिमा प्रचार समिति ने जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ताप्ती तट स्थित गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को दोपहर 2 बजे भव्य कलश यात्रा निकालकर ताप्ती महिमा कथा का शुभारंभ किया गया।

समिति अध्यक्ष सन्तोष गुप्ता ने बताया कि यह कथा महाभारत, और कई पुराणों में जो मां ताप्ती जी का उल्लेख मिलता है, उन प्रमाणिक तथ्यों से परिपूर्ण है। जो गोवर्धन वासी भगवत गीता शोध संस्थान के संस्थापक, वेद पुराणों के मनीषी, साहित्यकार वैष्णवाचार्य डॉ विश्वामित्र शरण कथा वाचन कर रहे है। राजू पाटनकर ने बताया कि मां ताप्ती जी की महिमा का गुणगान विश्वामित्र शरण जी द्वारा बीते तीन दशकों से लगातार किया जा रहा है। वही मुलताई में महिमा कथा बीते अठारह वर्षो से लगातार हो रही है। इसके अलावा मुलताई से बुरहानपुर तक 21 स्थानों पर भी मां ताप्ती जी की महिमा विश्वामित्र शरण जी ने बतलाई है। मां ताप्ती चालीसा, तपती यश चंद्रिका जैसी अनमोल रचनाएं भी महिमा में समर्पित की है। लोकेश यादव ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक ताप्ती तट गायत्री शक्तिपीठ में संपन्न होगी।






**राजा परीक्षित और जन्मेजय की सुनाई कथाः** कथा की शुरुआत में वैशणवाचार्य डॉक्टर विश्वामित्र शरण महाराज द्वारा राजा परीक्षित और जन्मेजय की कथा सुनाते हुए बताया गया कि राजा परीक्षित को सांप ने काट लिया था, जिससे गुस्से में आए जन्मेजय ने विशाल यज्ञ करवाया था, जिससे कि पृथ्वी पर मौजूद सांप भीषण ताप से जलने लगे थे। सांपों को जलता हुआ देख जन्मेजय के मन में प्रायश्चित करने का भाव उत्पन्न हुआ और उन्होंने मां ताप्ती की आराधना की। उनसे सांपो के ताप को हरने के लिए प्रार्थना की। मां ताप्ती ने ताप का हरण कर सभी सांपों को मुक्ति दिलाई।

### 125 गांवों की टोली आई, जल कलश करेंगी स्थापित

सूर्यपुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास मुलताई के द्वारा नगर के राम मंदिर में कलश पूजन किया गया। जिसके बाद शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 125 ग्राम के कार्यकर्ताओं की टोली एवं नगर के गणमान्य नागरिको ने भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण विभाग के प्रांत सहसंयोजक शैलेंद्र तिवारी, मुख्य वक्ता, विशेष अतिथि विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, हेमंत शर्मा मंच पर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता शैलेंद्र तिवारी जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की प्रकृति संरक्षण हिंदू समाज के आधार में है। गौ का पूजन और गौ संवर्धन संपूर्ण जीव मात्र में उनकी चिंता का भाव रखना यह हिंदू समाज में रहा है। हर प्राणी ईश्वर का रूप है, हर प्राणी में ईश्वर के अंश को देखना ही हमारे ऋषि परंपरा की विशेषताएं है। सनातन समाज सदैव प्रकृति को पूजता आया है, जीव मात्र में ईश्वर विद्यमान है, इस भाव को देखता आया है। सूर्यपुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास के माध्यम से जो प्रकृति संरक्षण, मेरा गांव मेरा तीर्थ इन विषयों पर कार्य किए जा रहा है, यह एक विशेष महान कार्य है। इस कार्य में भाव जुड जाए तो एक कर्म बन जायेगा।

### भुगतान को लेकर अधिकारी नहीं दे रहे हैं जवाब

# तेंदूपत्ते की राशि नहीं मिलने से परेशान ग्रामीणों ने लगाई गुहार

इटारसी वन परिक्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं मिलने से वे परेशान हैं। मजदूरों का कहना है कि संबंधित विभाग द्वारा भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट बढ़ गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



एक ओर जहां केन्द्र और राज्य सरकार गरीब परिवारों के लिए विभिन्न योजनओं का संचालन कर उन्हें रोजगार के लिए साधन उपलब्ध कराने का दावा कर रही है। वहीं वन परिक्षेत्र इटारसी में वन विभाग और शासन की योजना अनुरूप काम करने वाले श्रमिकों के साथ अन्याय हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा द्वारा तेंदू पत्ते को संग्रिहत करने के लिए मजदूर लगाए गए थे जिनका पारश्रिमक अभी तक प्रदान नहीं किया गया है जिससे गरीब परिवार का उदर पोषण करना संकट में है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मजदूरों द्वारा कई बार वन परिक्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारियों को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद भी अधिकारियों द्वारा गरीबों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द गरीबों को मजदूरी का भुगतान कराने की मांग की है ताकि आर्थिक संकट की समस्या का समाधान हो सके। फिलहाल वन परिक्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिकों को अपनी मेहनत की कमाई मिलने का बेसब्री से इंतजार है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए मजदूरों ने बताया कि वन परिक्षेत्र इटारसी से जुड़े विभिन्न ग्रामों में तेंदूपत्ता के पैसे नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। वन समिति खटामा अध्यक्ष विनोद वारिवा ने बताया कि 17 मई 2024 से तेंदूपत्ता टूटना बंद हुआ है, लेकिन अभी तक खाते में राशि नहीं प्राप्त हुई।

तेंदूपत्ता फड़ प्रबंधक स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं। आदिवासी ब्लॉक केसला के विभिन्न ग्रामों में तेंदूपत्ता का पैसा डाल चुका है, लेकिन कई गांव जैसे वन उप सर्किल जमानी से जुड़े खटामा, खोरीपुरा, टांगना, मातापुरा, पारछा सहित अन्य ग्राम जुड़े हुए हैं, जिनका अभी तक पैसा नहीं आया है। वन परिक्षेत्र इटारसी रेंजर का सरकारी नंबर बंद है, उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। श्री वारिवा ने कहा है कि यदि 3 दिन पैसा नहीं डाला गया तो वन मंडल अधिकारी को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार ने भीषण गर्मी में अपने परिवार चलाने के लिए तेंदू पत्ते मेहनत करके तोडे हैं और कई दिनों से परेशान गरीब खाद बीज अन्य समस्या से जूझ रहे हैं। लेकिन वन विभाग के अधिकारी लापरवाही कर रहे हैं ठेकेदार द्वारा वन विभाग के खाते में राशि डाल दी गई, लेकिन गरीब परिवार को नहीं पहुंची है।

# कार्यकर्ताओं की ताकत से बड़ा काम करने की क्षमता रखने लगा: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भारतीय जनता पार्टी का स्नेह मिलन समारोह श्री बूढी माता मंदिर परिसर हॉल में आयोजित हुआ। आयोजन लोकसभा व विधानसभा चुनाव उपरांत कार्यकर्ताओं से सामूहिक रूप से मिलना और उनका धन्यवाद अदा करने के लिए था। यहां सांसद दर्शन सिंह चौधरी और विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए उनका स्वागत अनोखे तरीके से किया। वे मंच से नीचे उतरकर आए और प्रत्येक कार्यकर्ता के पास पुष्प लेकर पहुंचे और उन्हें भेंट किया साथ ही सभी के साथ वक्त भी बिताया। अपने नेताओं की इस सरलता और सहजता देख कार्यकर्ता फूले नहीं समाएं।

यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी की ताहत से मैं छोटा सा व्यक्ति बड़े से बड़ा काम करा सकने की क्षमता रखने लगा हूं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि नर्मदापुरम नरसिंहपुर के लिए बहुत से बडे प्रोजेक्ट पर केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा हुई है। चौधरी ने विधायक डॉ शर्मा के लिए कहा कि उनके नेतृत्व में हमनें यहां चुनाव लड़ा और शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि विधायक डा शर्मा ने इटारसी को गुंडा मुक्त किया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि आप सभी ने लगातार मेहनत करके भाजपा को इस मुकाम पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि मैं आपसे क्या कहूं, हम आपसे ही सीखते हैं।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने हमें आप यहां पहुंचाया है। आपके कारण ही सांसद जी, विधायक से लेकर सभी जनता की सेवा कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी आपकी अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

### 600 से अधिक कार्यकर्ता रहे मौजूद

स्नेह मिलन समारोह में इटारसी के 600 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने समारोह को सफल बनाया।

### भाजपाइयों ने मनाई पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती



पिपरिया। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य आधार स्तंभ डॉक्टर पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यालय के अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से सरदार वार्ड एवं मंगलवार चौराहे पर पूर्व विधायक अर्जुन लाल पलिया ने भी अपने मतदान केंद्र पर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया उसे दौरान सतपाल पलिया सहित उनके सैकड़ो समर्थकों के साथ महिला मोर्चा ललिता पुरवइया किरण राज ममता नगोत्र सरोज सिंगर श्याम लता मेहरा नीता मेहरा संगीता ठाकुर सहित शंकर लाल रघुवंशी गजेंद्र विश्वकर्मा सहित अनिल को लोग उपस्थित रहे उनके द्वारा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर उन्हें याद किया गया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में सांसद दर्शन सिंह चौधरी विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर प्रशांत रघुवंशी भाजपा नेता अरविंद राय आदि मौजूद रहे।

# रायसेन टाइगर को किया एसटीआर के मालिनी में रिवाइल्डिंग सुविधा केंद्र में स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



निगरानी के लिए तीन सप्ताह तक रायसेन टाइगर को क्वारेंटाइन बाड़े में रखने के बाद, बीती शाम बाघ को सतपुरा टाइगर रिजर्व के मालिनी में रिवाइल्डिंग सुविधा केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया। अब बाघ को बाड़े में जंगली शिकार से खिलाया जाएगा और कुछ महीनों तक मनाया जाएगा। बाघ को भविष्य की निगरानी के लिए रेडियो उपग्रह कॉलर से लगाया गया है डार्टिंग, कैप्चर, कैजिंग, पुनरुद्धार, परिवहन और रिलीज का पूरा संचालन ठंडे मौसम में किया गया था और सभी सावधानियों का ध्यान रखा गया था। टीम सतपुरा द्वारा एक और सफल ऑपरेशन किया गया है। मानव प्रभुत्व परिदृश्य से बचाए गए बाघ के लिए एक और पुनर्निर्माण अभ्यास और सीख प्रबंधन को समृद्ध करेगी।

### 51 मिमी अधिक बारिश फिर भी नहीं मिली राहत

इटारसी। इटारसी क्षेत्र में गत वर्ष की तुलना में 51.8 मिमी अधिक बारिश चालू सीजन में दर्ज हुई है, लेकिन गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल पाई है। भू अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के अनुसार प्रचलित वर्ष में अभी तक इटारसी में 149.6 मिमी बारिश दर्ज हुई है जिसका औसत 22 मिमी हैं। मगर इतनी बारिश होने के बाद भी क्षेत्र में गर्मी आमजनों को बेहाल कर रही है। गत वर्ष इसी अवधि तक क्षेत्र में 97.8 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव का कहना है कि ट्रफ लाइन ग्वालियर से होते हुए जा रही है इस कारण जिले में बारिश के आसार नहीं बन रहे हैं।

# शुद्ध पेयजल की समस्या का समाधान कराने अधिकारी पहुंचे दूधी नदी पार कर, टेस्टिंग किट से जल के नमूनों का किया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नरसिंहपुर होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र की बॉर्डर पर ग्राम डोलनी में लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग की सहायक केंद्रीय रवि कलवा के साथ समय पाल महेंद्र हुई के टेक्नीशियन लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा पुरुषोत्तम चौबे धर्मेंद्र यादव एवं ग्राम के सभी ग्रामवासी सरपंच सचिव की उपस्थिति में दूधी नदी को पार करते हुए अधिकारी कर्मचारी भारी बरसात में जंगल के खेतों से रास्ता होकर वहां पर पहुंचे। और वहां पर उन्होंने पहुंचकर ग्राम वासियों को पानी की समस्या होने के कारण लोगों को पीने का पानी प्राप्त नहीं हो रहा था जिसके कारण अधिकारियों ने वहां पर पहुंचकर ग्राम वासियों के समक्ष फल टेस्टिंग किट से जल के नमूनों का परीक्षण किया जिससे मानसून में पानी पीने से होने वाले रोगों से ग्राम वासियों का बचाव हो सके ऐसी दावों का भी वितरण किया गया। पानी वाली पचमढ़ी मेल को लेकर पचमढ़ी तक जाने वाले व्यक्ति ग्राम में नल जल योजना जल मिशन योजना के अंतर्गत संचालित सभी नलों में पर्याप्त पानी पहुंच रहा है कि नहीं उसका भी निरीक्षण किया गया क्योंकि बरसात में पहलवान ने बताया कि कीटाणु जल में पहुंच जाते है। इसलिए उन्होंने बताया कि लगातार बरसात के कारण हैंड पंप एवं पानी की टंकियां में दवाइयां डाली जा रही है तथा पानी की जांच की जा रही है जिससे कि लोग लोगों को बीमारी का सामना न करना पड़े।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हुआ पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर पचमढ़ी वार्ड नंबर तीन में जन्म उत्सव मनाने का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम मे प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । संजीव जायसवाल छावनी परिषद पूर्व पार्षद ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर अपने वक्तव्य के माध्यम से प्रकाश डाला। तत्पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम भी किया गया जिसमें अब्दुल गनी की माता ने पौधरोपण किया।

# एक पौधा मां के नाम अभियान में भाजपाइयों ने लगाए सैकड़ों पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को शोभापुर क्षेत्र के अनेक स्थानों पर पौधे रोपित हुए । मौका था नव निर्वाचित सांसद दर्शन सिंह चौधरी के आगमन का और इस अवसर को भारतीय जनता पार्टी के नेताओ ने भुनाते हुए सोहगापुर विकास खंड की सीमा में प्रवेश करते हुए सर्व प्रथम राजपूत ढाबा महुआ में पौधे रोपित किए गए । इसके पश्चात शोभापुर शासकीय कन्या शाला में पौधे रोपित किए गए । पौधा रोपण के दौरान छायादार और औषधि वृक्षों के पौधे लगाए गए । वृक्षा रोपण कार्यक्रम के दौरान सांसद दर्शन सिंह चौधरी , प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य पंडित सतपाल पलिया , जिला अध्यक्ष , माधव दास अग्रवाल , जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल , मंडल अध्यक्ष ललित पटेल , संजीव पटेल , शरद दुबे , प्रदीप पटेल , मिथलेश पटेल , हिम्मत कुशवाहा , भरत रघुवंशी, निर्मल पटेल , रामबाबू पटेल इत्यादि शामिल रहे।

# दो अभ्यर्थी का अनुभव कम, पर्चा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अधिवक्ता संघ इटारसी के चुनाव 14 जुलाई को होंगे । रविवार को नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक की गई।

परीक्षण के दौरान ग्रन्थपाल अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी ब्रजेन्द्र नागा और कार्यकारिणी सदस्य की अभ्यर्थी नेहा चावरे का अनुभव एक वर्ष से कम होने पर मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता संघ ने नाम निर्देशन पत्र रद्द कर दिया। अब चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के 5, उपाध्यक्ष पद पुरुष 4, सचिव 4, सह सचिव 3, कोषाध्यक्ष 3, पुस्तकालय (ग्रन्थपाल) 2 और कार्यकारिणी के 5 सदस्यों हेतु 9 दावेदार मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद की महिला दावेदार ममता नागेश निर्विरोध निर्वाचित हुई है। इधर समीक्षा के बाद

चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर उमीदवारी जता रहे प्रत्याशियों ने अपने वोटरों को साधना शुरू कर दिया है।

अब अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष, सहसचिव, ग्रंथपाल और कोषाध्यक्ष सहित कुल 11 पदों के लिए 30 दावेदार मैदान में हैं।अधिवक्ता संघ के चुनाव में 370 अधिवक्ता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

### 3 हजार 256 पदों पर होगी भर्ती

सीहोर। एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज में हैंडी मैन सर्विस एग्जीक्यूटिव, यूटिलिटी एजेंट्स समेत विभिन्न 3 हजार 256 पदों पर भर्ती निकाली है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा इटारसी के समक्ष आशीष कुमार रतनानी एवं आकाश रतनानी दोनों आत्मज रमेश कुमार रतनानी ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति परिवर्तित क्षेत्र मेहरागांव शहर इटारसी शीट नं. 42 खसरा नं. 99/1 ऑनलाईन खसरा नं. 99/1/2/46 राजस्व प्लाट नं. 2/22 रकवा 2400 वर्गफुट जिसके पूर्व में 20 फिट रास्ता पश्चिम में नाली बाद अन्य का प्लाट उत्तर में बी.पी. राजोरिया का मकान दक्षिण में 10 फिट रास्ता जो पुराना वार्ड नं. 14 नया वार्ड नं. 16 दशमेश कॉलोनी इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) म.प्र. में स्थित है। को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा इटारसी के पक्ष में बंधक प्रभारित कर प्रदत्त गृह ऋण सुविधा की गारंटी स्वरूप बंधक प्रभारित कर रहे है। उक्त संपत्ति आशीष कुमार रतनानी एवं आंकाशं रतनानी दोनों आत्मज रमेश कुमार रतनानी ने विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराकर कब्जा व आधिपत्य प्राप्त कर उपयोग कर रहे है उक्त विक्रय पत्र की लिंक सेलडीड दिनांक 18/11/1993 पुस्त क्रमांक ए-1 ग्रंथ क्रमांक 232 पृष्ठ क्रमांक 43-46 दस्तावेज क्रमांक 619 जो विक्रेता विश्वनाथ आत्मज रामलाल भोला ने क्रेता राजेंद्र कुमार मालवीय आत्मज शिवनारायण मालवीय एवं लिंक सेलडीड दिनांक 11/12/1991 पुस्त क्रमांक ए-1 ग्रंथ क्रमांक 130 पृष्ठ क्रमांक 77-79 दस्तावेज क्रमांक 795 जो विक्रेता ओमप्रकाश जनवानी आत्मज सोझरामल सिंधी ने क्रेता विश्वनाथ आत्मज रामलाल भोला को निष्पादित की थी उक्त विक्रय पत्र उपरोक्त गारंटर / स्वामी से पूर्व में गुम गये है जिसकी प्रथम सूचना प्रतिवेदन उनके द्वारा दर्ज करा दी गई है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, राजस्व म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद उक्त संपत्ति पर/लीज डीड पर हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा इटारसी में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तत्पश्चात मेरा पक्षकार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा इटारसी उक्त संपत्ति के संपूर्ण ओरिजनल दस्तावेज एवं लिंक विक्रय पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर बंधक प्रभारित कर ऋण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर ऋण प्रदान करेगा जिस पर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**भवदीय एन. के. साहू**
**अधिवक्ता सेन्ट्रल बैंक के सामने, देशबंधुपुरा, इटारसी**
**मो.नं. 9425040080**

### लायंस क्लब ने मनाया फ्रेंडस संस्थापक समारोह

# लायंस क्लब की नई टीम ने ली सेवा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




यहां प्लेटटिनम रिजॉर्ट में लायंस क्लब इटारसी फेृरन्ड्स का संस्थापक समारोह आयोजित किया गया जिसमें लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन मनीष वीडीजी प्रथम, एमजेएफ प्रवीण वशिष्ठ, वीडीजी द्वितीय महेश मालवीय एवं समस्त जिला कैबिनेट की सहभागिता रही।

महाकाल की नगरी उज्जैन से संस्थापक अधिकारी एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ ने क्लब को संस्थापित किया एवं क्लब के पदाधिकारी लायन संतोष साहू को अध्यक्ष, अरविंद गुप्ता को सचिव, सुरेश नवलानी, कोषाध्यक्ष एवं अनिरुद्ध अग्रवाल को प्रथम उपाध्यक्ष मनोनीत कर शपथ दिलाई गई।

यह जिले में प्रथम अवसर था जब किसी क्लब को संस्थापित करने हेतु पुरी जिला टीम की उपस्थिति रही। क्लब के चार्टर अध्यक्ष एमजेएफ लायन अनिल झा, एमजेएफ लायन राजेश अग्रवाल, शरद गुप्ता, अशोक लालवानी एवं क्लब के सभी साथी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजन समिति के चेयरपर्सन लायन विजयपाल मनमानी एवं चेयरपर्सन अतुल अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। संचालन राजेश अग्रवाल ने किया।

नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष संतोष साहू, अरविंद गुप्ता कोषाध्यक्ष सुरेश नवलानी ने समाज सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत बबली साहू, अंजू गुप्ता, सोनम अग्रवाल ने किया।

# कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांसद से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगत सिंह महाविद्यालय के द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी विधायक ठाकुरदास नागवंशी विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल माधव दास अग्रवाल तथा नगर के सभी गणमान्य नागरिक एवं कॉलेज के सभी प्रोफेसर व्याख्याता छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। का संचालन डॉक्टर अनीता सेन के द्वारा किया गया अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया और कार्यक्रम के दौरान सरस्वती वंदना के बाद संस्था के प्राचार्य डॉ राकेश कुमार वर्मा के द्वारा संसद का स्वागत सम्मान किया गया और सांसद ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### गायत्री परिवार की समन्वय समिति बैठक हुई

नर्मदापुरम । स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ नर्मदापुरम में गायत्री परिवार की तहसील समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में तहसील समन्वयक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि बैठक अनुराग मिश्रा ज़िला प्रतिनिधि की उपस्थिति में शान्तिकुंज हरिद्वार एवं उपजोन प्रभारी रघुनाथ प्रसाद हज़ारी के निर्देशानुसार सभी कार्यकर्ताओं के बीच पंचायतों का दाइत्व सौंपा गया। गायत्री परिवार के सभी कार्यकर्ताओं ने सहर्ष अपनी जवाबदारी लेकर एक नये संकल्प के साथ कार्य करने का उल्लास दिखाया । बैठक में विशेषकर वृक्ष गंगा अभियान के तहत वृक्षारोपण पर केन्द्रित किया गया। परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी समारोह के पहले अन्य सभी अभियानों को त्वरित गति से आगे बढ़ाने हेतु निर्देश दिये गये।

**खबर संक्षेप**

### अज्ञात कारणों से युवक की मौत

**हरदा।** टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम चारखेड़ा में रहने वाले एक 34 वर्षीय युवक की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। रविवार दोपहर को जिला अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। बताया जा रहा है कि चारखेड़ा का रहने वाला वीरेंद्र पिता राम विलास डोंगरे (34) जो कि शराब पीने का आदी था और आए दिन अपने परिजनों को घर के आसपास रहने वाले लोगों से विवाद करता था। शनिवार को वह घर में गिर गया था। जिसके बाद परिजनों ने स्थानीय चिकित्सक से उसका इलाज कराया। रविवार को तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल लेकर गए। जहां पहुंचने के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

### निर्माण के दौरान बुजुर्ग की छत से गिरने से मौत

**सीहोर।** बुदनी नगर के वार्ड -7 तहसील कार्यालय के पास शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान शुक्रवार दोपहर युवक रमेश पवार पिता देवी पवार उम्र 50 वर्ष तालपुरा निवासी दुकान की छत से गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक इस शॉपिंग - कांप्लेक्स में मजदूरी का काम करता था और सेटिंग निकालने के लिए छत पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ और वह छत से नीचे गिर गया।

### डाबरी गांव के नाले में मिला मृत नवजात

**सीहोर।** शुक्रवार को नगर के पार्वती थाना अंतर्गत डाबरी गांव के नाले में एक नवजात शिशु का शव मिला। जिसे देखने लोगों की भीड़ जमा हो गई। नवजात 5 से 6 महीने का है। शुक्रवार की शाम 4 बजे पुलिस को सूचना मिली कि डाबरी गांव के नाले में एक नवजात शिशु का शव पड़ा हुआ है। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। पार्वती थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में मर्ग कायम कर जांच की जाएगी।

## भगवान जगन्नाथ ने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर का भ्रमण किया

# लालबत्ती लगे रथ में सवार होकर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रविवार सुबह शहर के बाजार वार्ड स्थित जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकली गई। लालबत्ती लगे रथ में सवार होकर भगवान जगन्नाथ ने अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर का भ्रमण किया। इस दौरान जगह जगह रथयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर भक्तों के साथ भजनों पर पूर्व मंत्री पटेल जमकर थिरकते नजर आए। मंदिर समिति से जुड़े जयकृष्ण चांडक ने बताया कि रथयात्रा सुबह 10 बजे मंदिर से रवाना हुई] जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। उन्होंने बताया कि जगत के पालनहार भगवान जगन्नाथ के रथ पर लालबत्ती लगाई गई थी, जो पूरी यात्रा के दौरान आकर्षक का केंद्र बनी रही। इस अवसर पर शोभायात्रा में शामिल महिला श्रद्धालुओं ने भजनों की धुन पर भाव-विभोर होकर जमकर नृत्य किया। भक्तगणों ने रस्सी के सहारे रथ को खींचा। रथयात्रा का सामाजिक एवं राजनैतिक दलों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आमतौर पर अधिकारियों और मन्त्रियों की गाड़ी में लालबत्ती लगी रहती है, लेकिन जगत के पालनहार के रथ में मंदिर समिति ने लालबत्ती लगाकर सजाया गया है। रथ में जगत के नाथ जगन्नाथ स्वयं विराजित होते हैं, इसलिए उनके रथ में लालबत्ती लगाई जाती है। लालबत्ती लगे रथ में भगवान कृष्ण, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा विराजमान रहे।

रथयात्रा एक ऐसा पर्व है जिसमें भगवान जगन्नाथ चलकर जनता के बीच आते हैं और उनके सुख दुख में सहभागी होते हैं। सब मनिसा मोर परजा (सब मनुष्य मेरी प्रजा है), ये उनके उद्गार है। रथ यात्रा के दौरान भक्तों ने रस्सी से रथ को तो खींचा ही, साथ ही रथ के आगे-आगे आने वाले रास्तों पर झाड़ूं भी लगाई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। रथयात्रा के समापन के बाद दोपहर 12 बजे मंदिर में भगवान जगन्नाथ की महाआरती कर उन्हें 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने मौजूद रहे।



**तत्काल हुई सफाई**



पारंपरिक निकालने वाली जगनाथ भगवान की रथ यात्रा के तुरंत बाद ही सफ़ाई मित्रों ने सफाई अभियान कार्य शुरू किया। सफ़ाई दरोगा किरण राठौर ने बताया कि हरदा नगर को साफ़ स्वच्छ करने के लिये कर्मचारियों द्वारा पूरे क्षेत्र को स्वच्छ नगर की स्वच्छता को यथास्वरूप प्रदान किया गया।

### बांड ओवर का उल्लंघन करने वाले आरोपी के खिलाफ नए कानून के तहत कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

बांड ओवर का उल्लंघन कर झगड़ा, मारपीट कर दोबारा अपराध करने पर पुलिस ने इच्छापुर निवासी एक आरोपी के खिलाफ हाल ही में लागू हुए नए कानून के तहत केस दर्ज किया है। शाहपुर पुलिस के अनुसार आदतन अपराधी समाधान पिता एकनाथ महाजन 38 निवासी ग्राम इच्छापुर के खिलाफ बांड ओवर के उल्लंघन पर धारा 141 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर केस एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी के खिलाफ पहले शाहपुर थाने में मारपीट, जान से मारने की धमकी आदि के केस दर्ज हैं। आरोपी की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए भविष्य में अपराध करने से रोकने के लिए 18 अप्रैल 24 को धारा 107 और 116-3 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक साथ की अवधि का बांड ओवर कराया गया था, लेकिन उसके द्वारा फिर झगड़ा, मारपीट करने पर शाहपुर थाने में 6 जुलाई को धारा 117-2, 115-2 और 352 के तहत केस दर्ज किया। साथ ही बांड ओवर का उल्लंघन करने पर धारा 141 बीएनएसएस के तहत अधिक से अधिक राशि का बांड ओवर करने के लिए केस एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

**पुलिस ने दर्ज किया केस**

## समाज के जिलाध्यक्षों ने दिया भारतीय किसान संघ के धरने को समर्थन

**हरदा।** भारतीय किसान संघ के मूंग के लिए चल रहे आंदोलन के चौथे दिन टिमरनी तहसील द्वारा धरना दिया गया। इस दौरान सभी समाजों के जिलाध्यक्ष सम्मिलित हुए। उन्होंने किसान संघ के धरने को अपना समर्थन दिया।

इस दौरान राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष शिवनारायण साध, गौर समाज के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण गौर, राठौर समाज के जिलाध्यक्ष शिवनारायण राठौर, परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा, विश्नोई महासभा के जिलाध्यक्ष आकाश पटेल, यादव समाज के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव। कार्यक्रम में उपस्थित होकर धरने को समर्थन दिया। भाकिसंघ के अखिल भारतीय कार्यकारी अध्यक्ष रामभरोस बसोतिया कार्यक्रम में उपस्थित हुए।



उन्होंने अपने वक्तव्य में भी सरकार को खूब घेरा। उन्होंने कहा जब तक निर्णय नहीं होता तब तक धरना स्थगित नही करना है। भारतीय किसान संघ के बैतूल जिले के प्रभारी शैतान सिंह राजपूत ने अपने वक्तव्य में कहा अब सब्र का बांध टूट रहा है। सरकार शीघ्रता से मांग पूरी करे अन्यथा अब भाकिसंघ भोपाल में बड़े आंदोलन की तैयारी करेगा। सोमवार को सिराली तहसील द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान धरना स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। धरनास्थल पर तहसील अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, राजेश डूडी, संतोष चौहान, रामशंकर पटेल, सुहागसिह गिनारे, कुअर सिंह राजपूत, मुल्लुपटेल, हरे कृष्ण सुरेश आमें सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 24 घंटों में 4.1 मिमी औसत बारिश हुई

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 4.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में रहटगांव में 10.3 मि.मी. व सिराली में 10.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 155.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 201.2 मि.मी., टिमरनी में 107.4 मि.मी., खिरकिया में 88 मि.मी., रहटगांव में 219.2 मि.मी. व सिराली में 162.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 7 जुलाई तक 116.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### लोक अदालत में मिलेगी छूट

**सीहोर।** गुरुवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नेशनल लोक अदालत में छूट संबंधी आदेश जारी कर दिया है। इसके पूर्व 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण नागरिकों को इस छूट का लाभ नहीं दिया जा सका था।

## विधानसभा में विधायक ने उठाया अवैध शराब और ड्रग का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा मध्य प्रदेश विधानसभा भोपाल में विधानसभा सत्र के दौरान हरदा जिले में खुलेआम बिक रहे एमडी ड्रग एवं अवैध शराब के मुद्दे को उठाया। इस पर पूर्ण तरह से प्रतिबंध लगाए जाने की मांग सरकार से की। साथ ही अन्य जनहितेशी मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया। हरदा विधायक डॉ. दोगने ने सदन में कहा कि नशे से पूरा प्रदेश परेशान है।

हरदा जिले में भी एम.डी. ड्रग नामक नशीला पदार्थ खुलेआम बिक रहा है। यह बहुत महंगा है और नाबालिग बच्चों, युवाओं को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। गांव में भी घर-घर अवैध दारू बिक रही है परंतु सरकार इस और ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि हरदा जिले में कोई बड़ा उद्योग नहीं है। हरदा जिले में फसल बहुत अच्छी होती है इस हेतु यहां पर फूड इंडस्ट्रीज लगाई जा सकती है। इसके लिए पर्याप्त जगह भी उपलब्ध है। यदि यहां औद्योगिक क्षेत्र डेवलप किया जाएगा, तो लोगों को रोजगार मिलेगा फसल की अच्छी पैदावार होगी। गेहूं, मूंग, चना, सोयाबीन फसल से संबंधित उद्योग लगेंगे तो निश्चित ही गांव के लोगों को फायदा होगा और हमे उक्त फसलो को विदेशों में भी एक्सपोर्ट करने का मौका मिलेगा।

दोगने ने कहा कि बांध बनने के कारण जिले के 29 गांव डूबे थे। खंडवा जिले के लोग पुनासा डैम में डूब में आए थे और वह विस्थापित हुए थे। परंतु डूब प्रभावित लोगों को सरकार द्वारा कोई सुविधा नही दी गई है। उन्हें आज तक पट्टे नहीं मिले है। उन्हें शासकीय योजना के अंतर्गत पट्टे दिए जाएं। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार घोषणा करने के उपरांत भी हरदा जिले में कृषि महाविद्यालय नहीं खोला जा रहा है। हरदा जिला कृषि प्रधान जिला है। इसके साथ ही यदि हरदा जिले में मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा तो लोगों को सुविधा मिलेगी अभी हरदा जिले में 250 बिस्तरों का अस्पताल है। यदि उसे 300 बिस्तरों का किया जाएगा, तो मरीजों को और भी सुविधा मिलेगी।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

### जनसंख्या नियंत्रण को लेकर 11 जुलाई को सौंपे जाएंगे ज्ञापन

**खंडवा।** देश की बढ़ती आबादी को रोकने के लिए साल 2019 में जनसंख्या विनियमन विधेयक लाया गया था। जिसके तहत दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने पर सजा और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित करने का प्रस्ताव रखा गया था। भारत अब दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन चुका है। इस मामले में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है, कोई दोस्त नियम कोई ठोस नियम लागू न होने से जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं किया जा रहा है लेकिन आज की आवश्यकता है जनसंख्या पर नियंत्रण करने की अधिक आवश्यकता है।




चीन दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला देश कहा जाता था लेकिन अब वह स्थान भारत ने ले लिया है। जनसंख्या निरंतर को लेकर अब कठोर कानून की आवश्यकता है। जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जन जागृति के लिए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के दायित्व निर्धारित समिति की संस्कृति एवं मुख्य संरक्षक डॉक्टर इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, महिला विंग प्रभारी एवं राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल, राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना त्यागी एवं प्रदेश संरक्षक नेहा बग्गा के संरक्षण में जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन 2024 की कार्यकारिणी घोषित की गई। मीडिया प्रभारी हर्षा ठाकुर ने बताया कि कार्यकारिणी घोषणा में प्रदेश संयोजक डॉ.रेखा नकुल, संगठन मंत्री रेखा बिसनोई, महासचिव कार्यालय प्रमुख किरण शुक्ला, संपर्क प्रमुख नीलिमा राजपूत , वित्तीय प्रमुख पूजा चोकसे, प्रसार प्रमुख दीपा चौहान, मीडिया प्रमुख हर्षा ठाकुर एवम 54 प्रदेश पदाधिकारी गण नियुक्त किए गए। कार्यकारिणी घोषणा के साथ ही 11 जुलाई 2024 को जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने के समर्थन में संस्था द्वारा प्रदेश एवं संपूर्ण भारत देश में कलेक्टर के नाम कलेक्टेड ऑफिस जाकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही जनता से भी अपील की जाएगी कि ऐसा कानून लाने के लिए सभी संस्था के साथ मिलकर कदम से कदम मिलाए और इस अभियान को सार्थक बनाएं।

## परिजनों ने अस्पताल परिसर में नवजात के शव को दफनाया, गड्ढे से निकालकर ले गया कुत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा से एक हृदयविदारक और शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसमें एक कुत्ता मृत नवजात शिशु को मुंह में लेकर अस्पताल परिसर में घूमता हुआ देखा गया। स्थानीय लोगों ने नवजात के शव को कुत्ते से छुड़ाकर स्थिति को संभाला। फिलहाल पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरदा जिले के एक परिवार ने खंडवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रसव के लिए रात लगभग 3 बजे दाखिला लिया था। दुर्भाग्यवश, महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया। डॉक्टरों ने नवजात का शव अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया था, लेकिन परिजनों ने अस्पताल परिसर के पास ही एक गड्ढा खोदकर नवजात को दफना दिया। अस्पताल परिसर में आवारा



कुत्तों ने नवजात को गड्ढे से निकालकर परिसर में घुमाना शुरू कर दिया। इस नजारे को देखकर स्थानीय लोग तुरंत हरकत में आए और कुत्ते से नवजात के शव को छुड़ाया। इसके बाद पुलिस और डॉक्टरों को सूचना दी गई। नवजात का शव फिलहाल पोस्टमार्टम रूम में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही मोघट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने परिवार और डॉक्टरों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया है। मृत शिशु को पुनः दफनाने का आदेश दिया गया। इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है और प्रशासन से यह अपील की जाती है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए और अस्पताल परिसरों में सुरक्षा की व्यवस्था की जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**मोहर्रम पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर की चर्चा**

## त्योहारों को लेकर शाहपुर थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**बुरहनपुर।** आगामी त्योहारों को लेकर शाहपुर थाने में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मोहर्रम पर्व के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। सभी से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। शाहपुर थाना पसिर में हुई बैठक में शहर के गणमान्यजन, शांति समिति सदस्य, पुलिस अफसर मौजूद रहे। थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने 08 से 14 जुलाई तक चलने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर सदस्यों से चर्चा की। इस दौरान होने वाले अखाड़े, ताजिया विसर्जन आदि को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने सभी से अपील की कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि किसी भी धर्म विशेष पर आपत्तिजनक पोस्ट, कमेंट सोशल मीडिया पर ना हो। शांतिपूर्वक तरीके से त्योहार मनाएं। साथ ही इस दौरान सभी को एक जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून की जानकारी भी दी गई। बैठक में नगर परिषद शाहपुर के सीएमओ जेपी गुहा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेन्द्र तिवारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी सहित सदस्य मौजूद थे।

## सांसद पाटिल ने जलकुआं से रामपुरा कला तक बनने वाली सड़क मार्ग का भूमिपूजन किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने जलकुआं से रामपुरा कला तक बनने वाली करोड़ों रुपये की सड़क मार्ग का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर गांववासियों ने पाटिल का मिठाई से तुलादान और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सांसद पाटिल ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा संसद में दिए गए बयान की निंदा करते हुए उन्हें मंदबुद्धि बालक के समान बताया। पाटिल ने कहा कि राहुल गांधी और उनके समर्थकों ने लोकसभा में व्यवधान डाला और हिंदू समाज का अपमान किया। उन्होंने राहुल गांधी से सार्वजनिक माफी की मांग की।

कार्यक्रम के तहत पंधाना विधानसभा क्षेत्र के जलकुआं में मध्य प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग योजना अंतर्गत जलकुआं से रामपुरा कला तक 5 किलोमीटर लागत 4.40 करोड़ रुपये की सड़क का भूमि पूजन हुआ। सांसद पाटिल ने ग्रामीणों से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। पाटिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को समर्थन देते हुए सभी से वृक्षारोपण का आग्रह किया। कार्यक्रम में विधायक छाया मोरे सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत रोपे गए 200 पौधे




**हरदा।** एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत रविवार को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, हरदा के अधिकारी व कर्मचारियों ने शासकीय कृषि प्रक्षेत्र पानतलाई में 200 फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। उपसंचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि पौधरोपण की फोटो वायुदूत एप पर अपलोड की गई तथा अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई कि, आपके द्वारा लगाये गए पौधों की सुरक्षा हेतु प्रतिमाह उपस्थित होकर निगरानी करेंगे। ह्लएक पौधा माँ के नामह्व कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि संजय यादव, सहायक आयुक्त सहकारिता बासुदेव सिंह भदौरिया, सहायक संचालक कृषि रामकृष्ण मंडलोई एवं डॉ. भागवत सिंह तथा कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## युवा सम्मलेन : बुरहानपुर जिले में बनेगा संत शिरोमणी सेवालाल महाराज का मंदिर

**बुरहानपुर।** संत शिरोमणी सेवालाल महाराज के मंदिर निर्माण को लेकर रविवार को बंजारा युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान मंदिर निर्माण को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। समाज में शिक्षा, नशामुक्ति को लेकर काम करने का संकल्प युवाओं ने लिया। जिले के बंजारा समाज ने संत शिरोमणि आराध्य देव संत सेवालाल महाराज के मंदिर निर्माण के लिए रविवार दोपहर राजस्थानी भवन में युवा सम्मेलन आयोजित किया।




सम्मेलन में जिलेभर से 400 से अधिक बंजारा समाज के युवा शामिल हुए। युवा सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य यह था कि बंजारा युवा समाज संत शिरोमणी सेवालाल महाराज जी के भव्य मंदिर निर्माण के लिए अपना योगदान दें। साथ ही शिक्षा को बढ़ावा दें, नशे से दूर रहें, समाज के लिए कार्य कर समाज को शिक्षित बनाएं, नशामुक्त समाज का निर्माण करे। समाज के श्रवण राठौड़ ने बताया समाज की युवा शक्ति आगे आए और समाज को एक नई दिशा प्रदान करे। मंदिर निर्माण में सहयोग करे। बंजारा समाज के वरिष्ठ गजराज राठौड़ ने कहा आज की युवा पीढ़ी समाज को शिक्षित बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। युवा शक्ति संत शिरोमणी सेवालाल महाराज जी के मंदिर निर्माण के लिए गांव गांव जाकर लोगो को जागरूक कर रही है। युवा शक्ति ही शिक्षा, नशा से दूर रहने के लिए गांव में लोगो को शपथ दिला रही है। करतार सिंह पवार ने कहा आज की युवा पीढ़ी हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। और वह अपने आराध्य देव संत शिरोमणी सेवालाल महाराज के मंदिर निर्माण को पूर्ण करके ही सांस लेंगी। बंजारा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राम पवार ने बताया आज युवा समाज के अनुसार समाज को सक्षम और सुदृढ़ बनाने में जुटे हुए हैं।